विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 96 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 06 / 2026

प्रति,

**समस्त कलेक्टर,**
छत्तीसगढ़

**विषयः–** **विधानसभा प्रश्न कमांक 709 तारांकित द्वारा श्री पुन्नूलाल मोहले, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न कमांक 709 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 97 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

---

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **प्रदेश में प्रचलित राशन कार्ड**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **709** ) **श्रीपुन्नूलाल मोहले**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) प्रदेश मे मार्च, 2023 से जून, 2026 तक कुल कितने एपीएल, बीपीएल, अंत्योदय, निराश्रित तथा प्राथमिकता वाले कार्ड प्रचलित है? नये कार्ड बनाने हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुये, कितने का निराकरण किया गया कितना शेष हैं? वर्षवार, जिलेवार बतावें? विभिन्न वर्गो के कार्डधारियों को केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा प्रति यूनिट कितनी मात्रा में किस-किस दर पर क्या-क्या खाद्यान्न प्रदान किया जाता है? (ख) क्या बोगस कार्ड के माध्यम से खाद्यान्न की अफरातफरी के संबध मे कोई शिकायत प्राप्त हुई? यदि हां, तो कितने प्रकरण दर्ज किये गये? कितने प्रकरणों पर कार्यवाही की गई? कितने लंबित हैं? वर्षवार, जिलेवार बतावें? (ग) प्रश्नांकित अवधि में एपीएल कार्ड को बीपीएल, अंत्योदय, निराश्रित तथा प्राथमिकता हेतु कार्ड को परिवर्तित किया गया? यदि हां तो कितना एवं क्यों? परिवर्तन के कारण क्या हैं? परिवर्तित राशन कार्डो के माध्यम से राज्य शासन एवं केन्द्र प्रवर्तित योजना में कितना राशन एवं अन्य सामग्री कितनी राशि का दिया गया है? राशिवार, वर्षवार, कारणवार, जिलेवार बतावें?

---

**उत्तर :**

समस्त collector